**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## पंतनगर किसान मेला का आयोजन 13 से 16 मार्च 2026 तक

पंतनगर। 19 दिसम्बर 2025। विष्वविद्यालय में किसान मेला सलाहकार समिति की बैठक कुलपति प्रोफेसर (डा.) मनमोहन सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 119वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्षनी का आयोजन 13 से 16 मार्च 2026 को विष्वविद्यालय में किया जायेगा। किसान मेले की थीम 'सषक्त महिला, समृद्ध खेती' होगी। समिति के सदस्य सचिव एवं निदेषक प्रसार षिक्षा डा. जितेन्द्र क्वात्रा द्वारा बैठक का संचालन किया गया। बैठक में किसान मेला के सलाहकार समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में किसान मेले से संबंधित कई बिन्दुओं जैसे किसान मेले में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन हेतु समितियों का निर्धारण, मेले में किसान गोष्ठी के दौरान दिये जाने वाले वैज्ञानिकों के व्याख्यान, विभिन्न शोध केन्द्रों पर किसानों का भ्रमण, प्रगतिषील कृषकों को सम्मान, स्टाल धारकों को पुरस्कार वितरण, मेले के सफल आयोजन हेतु प्रस्तावित बजट इत्यादि पर चर्चा की गयी। कुलपति द्वारा मेले में प्रगतिषील कृषक को आमंत्रित करने के लिए कहा गया ताकि उनके अनुभवों का लाभ मेले में आने वाले कृषकों को प्राप्त हो सके। बैठक में विष्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेषकगण, संयुक्त निदेषक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे, जिन्होंने विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव दिये।

